| आदेश की क्रम सं0 एवं तारीख | आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई तारीख सहित |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 20.9.21 | **आदेश**<br>प्रस्तुत पी0ए0 वाद संख्या–08 / 2020–21 आवेदक–भुखल रवानी, पिता–स्व० सहदेव रवानी, साकिन–दुबरा, अंचल–करौं, जिला–देवघर के द्वारा वंशावली के आर्धार पर संताल परगना काश्तकारी अधिनियम, 1949 की धारा–6 के तहत् मौजा–दुबरा, थाना नं०–671 का प्रधान नियुक्त करने हेतु समर्पित आवेदन पर प्रारम्भ किया गया है।<br>इस संबंध में अंचल अधिकारी, करौं से ज्ञापांक–165 / डी०बी० दिनांक–28.07.2020 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन की मांगी की गई, जो उनके पत्रांक–791 / रा० दिनांक–15.12.2020 के द्वारा प्राप्त है, जो अभिलेखबद्ध है। जाँच प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात मौजा के 04 आना रैयतों को सूचना निर्गत किया गया। सूचना का तामिला प्रतिवेदन प्राप्त है, जो अभिलेखबद्ध है।<br>आवेदक के विज्ञ अधिवक्ता को सुना। अंचल अधिकारी, करौं के द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि मौजा–दुबरा, थाना नं0–671 एक प्रधानी मौजा है। प्रधानी / मूल रैयती पंजी–II के अनुसार स्व० डोमन रवानी उक्त मौजा के 04 (चार) आना रकम के अंतिम प्रधान थे, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। शपथ पत्र संख्या Vol-XXV, S.No.-5166 दिनांक–29.092020 एवं मुखिया द्वारा सत्यापित वंशावली अभिलेखबद्व है। आवेदक खतियानी प्रधान का ज्येष्ठ परपौत्र है। मौजा में जमाबंदी रैयतों की कुल संख्या–09 (नौ) है एवं वार्षिक लगान–33.50 / – (तैंतीस रूपया पचास) रूपया अलावे सेस है। आवेदक शिक्षित एवं योग्य है।<br>अंचल अधिकारी, करौं द्वारा आवेदक को मौजा–दुबरा, थाना नं0–671 का 04 आना (चार आना) प्रधान पद पर नियुक्त करने हेतु प्रतिवेदन अग्रसारित किये है।<br>अतः अंचल अधिकारी, करौं से प्राप्त प्रतिवेदन एवं मौजा के किसी रैयत से कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने के आधार पर आवेदक–भुखल रवानी, पिता–स्व० सहदेव रवानी, साकिन–दुबरा, अंचल–करौं, जिला–देवघर को संताल परगना काश्तकारी अधिनियम, 1949 की धारा–6 के तहत् वंशानुगत के आधार पर मौजा–दीगबाद, थाना नं0–671 का 04 आना (चार आना) प्रधान नियुक्त किया जाता है।<br>तद्नुसार आवेदक कबुलियत एवं सुरक्षित राशि जमा करें, तत्पश्चात् नियुक्त प्रधान को पट्टा निर्गत करें।<br>आदेश की प्रति अंचल अधिकारी, करौं को भेजें।<br>**लेखापित् एवं शुद्धित**<br>20.9.21<br>अनुमण्डल पदाधिकारी,<br>मधुपुर।<br>20.9.21<br>अनुमण्डल पदाधिकारी,<br>मधुपुर। | |

Digitally signed by DINESH KUMAR YADAV
Date: 2022.10.14 15:10:21 +05:30
Location: 192.168.1.206